राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, सुजानगढ़ जिला चूरू (राज.)

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या : 104 / 2025

निर्णय दिनांक : 15.07.2025

दायर दिनांक – 25.06.2025

1. तुलछी देवी पत्नी स्व0 मंगलाराम निवासिनी ग्राम पोस्ट करेजड़ा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू ....प्रार्थीनी

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार सुजानगढ जिला चूरू ....अप्रार्थी

प्रार्थना–पत्र धारा 136 एल आर एक्ट

–:निर्णयः–

संक्षिप्त में प्रार्थना–पत्र के तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थीनी द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा स्थान गेडाप में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रार्थीनी रोही ग्राम करेजड़ा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू की निवासिनी है। रोही करेजड़ा तहसील सुजानगढ़ के राजस्व रिकॉर्ड में खाता संख्या नया 210 के खसरा संख्या 357 / 413 तादादी 1.2771 है0 प्रार्थीनी की खातेदारी में दर्ज है। प्रार्थीनी के नाम व पता राजस्व रिकॉर्ड में तुलछीदेवी पत्नी मंगलाराम जाति मेघवाल निवासी करेजड़ा हाल अमरपुरा तह– डीडवाना खातेदार दर्ज है जबकि प्रार्थिनी का सही नाम व पता तुलछीदेवी पत्नी मंगलाराम जाति मेघवाल निवासी करेजड़ा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू है। प्रार्थीनी के अन्य दस्तावेज यथा आधार कार्ड, परिवार राशनकार्ड आदि समस्त दस्तावेजों में प्रार्थीनी का नाम व पता सही अंकित है।

प्रार्थीनी का पता राजस्व रिकॉर्ड में गलत होने के कारण प्रार्थीनी को सरकारी लाभांश आदि प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण प्रार्थीनी की खातेदारी भूमि में प्रार्थीनी का पता दुरस्त करवाना आवश्यक है।

उप खण्ड अधिकारी
सुजानगढ

प्रार्थीनी का खेत रोही करेजड़ा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू में होने के कारण प्रार्थना पत्र का क्षेत्राधिकार व श्रवणाधिकार इस न्यायालय को प्राप्त है।

प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार सुजानगढ़ से प्रकरण में रिपोर्ट ली गई। जिस पर तहसीलदार सुजानगढ़ ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थीनी के दस्तोवजों आधारकार्ड, राशनकार्ड में करेजड़ा अंकित है। अतः तहसीलदार सुजानगढ़ द्वारा प्रार्थीनी का पता/निवास स्थान राजस्व रिकॉर्ड में अमरपुरा की बजाय करेजड़ा दुरस्त किये जाने की अभिशंषा की गयी।

पत्रावली तथा रिपोर्ट तहसीलदार सुजानगढ़ का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज आधार कार्ड, राशनकार्ड में प्रार्थीनी का निवास स्थान ग्राम करेजड़ा अंकित है। अतः मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार सुजानगढ़ तथा संलग्न दस्तावेजात के अनुसार प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होने के कारण स्वीकार किया जाता है।

–:आदेश:–

प्रार्थना–पत्र प्रार्थीनी स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार सुजानगढ़ को आदेशित किया जाता है कि वादगत भूमि वाके रोही करेजड़ा तहसील सुजानगढ़ में खाता संख्या नया 210 के खसरा संख्या 357/413 तादादी 1.2771 है0 तहसील सुजानगढ़ में दर्ज खातेदार तुलछीदेवी पत्नी मंगलाराम जाति मेघवाल निवासी करेजड़ा हाल अमरपुरा तह– डीडवाना के स्थान पर तुलछीदेवी पत्नी मंगलाराम जाति मेघवाल निवासी करेजड़ा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू दर्ज किया जावे। निर्णय की प्रति तहसीलदार सुजानगढ़ को पालनार्थ प्रेषित हो।

निर्णय आज दिनांक 15.07.2025 को टंकित करवाया जाकर सरेआम इजलास में सुनाया गया।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सुजानगढ़ जिला चूरू

उपखण्ड अधिकारी
सुजानगढ़

उप खण्ड अधिकारी
सुजानगढ़